# हरियाणा विधान सभा

**(21 मार्च, 2023 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**तारांकित प्रश्न**

## 21 मार्च, 2023

----

**कुल प्रश्न 20**

----

**पंचायतों के बैंक बैलेंस का ब्यौरा**

*81 **श्री बिशन लाल सैनी ( रादौर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) हरियाणा में पंचायतें कब भंग हुई थी तथा नव नियुक्त सरपंचों/पंचायतों को प्रभार कब सौंपा गया;
(ख) उक्त अवधि के दौरान किसी भी स्त्रोत से रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खण्ड रादौर की पंचायतों के खातों में गांववार कितनी राशि प्राप्त हुई तथा उन कार्यों के नाम क्या हैं जिन पर उक्त राशि खर्च की गई; तथा
(ग) नव नियुक्त सरपंचो को प्रभार सौंपने से पहले खण्ड रादौर की पंचायतों के खातों में जमा राशि का ब्यौरा क्या है ?

----

**सेवारत आई.ए.एस. तथा एच.सी.एस. अधिकारियों की कुल संख्या**

*82 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगेः-
(क) हरियाणा सरकार द्वारा नवम्बर, 2014 से आज तक सिविल सेवाओं में कितने सुधार किए गए हैं ?
(ख) क्या विभिन्न सरकारी मंत्रालयों/विभागों/ बोर्डों/निगमों में पदानुक्रम स्तरों को कम

करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ग) उन लेटरल इंट्रेटस विषय विशेषज्ञों की संख्या कितनी है, जिन्होंने हरियाणा सरकार में श्रेणी-1 अधिकारी स्तर पर नवम्बर, 2014 से आज तक जॉइन किया;
(घ) हरियाणा सरकार में आज तक सेवारत आई.ए.एस. तथा एच.सी.एस अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है;
(ड) वर्तमान मे हरियाणा सरकार के कुल कितने आई.ए.एस. तथा एच.सी.एस अधिकारी केन्द्र सरकार तथा विदेशी ड्यूटी में प्रतिनियुक्ति पर हैं तथा उनके नाम क्या हैं तथा प्रतिनियुक्ति विभाग कौन से हैं; तथा
(च) हरियाणा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा बोर्डों/निगमों/विभागों में सेवारत आई.ए.एस. तथा एच.सी.एस. अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है तथा सम्पर्क नम्बर क्या हैं ?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

***83 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 44 सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 अप्रैल, 2021 को की गई थी ?

----

## अवैध तरीके से चिपकाये गए पोस्टरों तथा फ्लैक्सों को हटाना

***84 श्री भारत भूषण बत्रा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगेः-
(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकारी इमारतों पर अवैध तरीके से पोस्टर तथा फ्लैक्स चिपकाए जा रहे हैं तथा गत् तीन वर्षों में उक्त पोस्टरों तथा फ्लैक्सों को हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) गत् तीन वर्षों के दौरान राज्य में सरकारी इमारतों पर अवैध तरीके से चिपकाये गए पोस्टरों तथा फ्लैक्सों को हटाने के लिए संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के अन्तर्गत सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## डहीना को उप-मण्डल घोषित करना

***85 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या उप मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या डहीना को उप-मण्डल के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक घोषित किए जाने की संभावना है ?

----

## आई एफ एम एस पोर्टल पर दादरी का पंजीकरण

*86 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि प्रत्येक जिले में कोटे के अनुसार उर्वरकों के वितरण के लिए बनाए गए आई एफ एम एस (डी बी टी) पोर्टल पर जिला दादरी का पंजीकरण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## वक्फ संपत्तियों की बेदखली

*87 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में वक्फ बोर्ड द्वारा 12436 पट्टेदार, जो पट्टे की शर्तों के चूककर्ता हैं तथा वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण/अवैध कब्जे में है, के विरूद्ध बेदखली तथा किराए की वसूली के लिए दर्ज मामलों/उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;
(ख) राज्य में निजी, सरकारी, अर्ध-सरकारी या धार्मिक संस्थानों के अवैध कब्जे वाली 1089 मस्जिदों से अवैध कब्जा हटाने के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा कोई कार्रवाई न करने के कारण क्या हैं; तथा
(ग) इन वक्फ संपत्तियों तथा मस्जिदों को चूककर्ता पट्टेदारों तथा अवैध कब्जे से कब तक मुक्त कराया जाएगा ?

----

## राज्य में रोजगार बढ़ाना

*88 **राव चिरंजीव ( रेवाड़ी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या राज्य में गत् आठ वर्षों में बेरोजगारी बढ़ी है; तथा
(ख) यदि हां, तो राज्य में रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए ?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

*89 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कनीना में बाई-पास का निर्माण करने का कोई

प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## पानी की निकासी की स्थायी योजना

*90 **श्री जयवीर सिंह (खरखोदा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या खरखौदा शहर में पानी की निकासी करने की स्थायी योजना का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## गांव भागल में महाग्राम योजना

*91 **श्री ईश्वर सिंह (गुहला):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि गुहला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव भागल में महाग्राम योजना के अंतर्गत सैद्धांतिक स्वीकृति होने के बावजूद योजना लंबित पड़ी है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त योजना के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## भूमि के लिए समान सर्कल रेट प्रदान करना

*92 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या सोनीपत से गुरूग्राम तक रेलवे लाइन बिछाने के कार्य के लिए के.एम.पी. हाईवे के साथ लगती जमीन, जिसे अधिग्रहित किया जाना है, के लिए समान सर्कल रेट प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*93 **श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि थानेसर के गांव भिवानी खेडा में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय का निर्माण करवाया जाना है जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार को

हस्तांतरित कर दी गई है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ न किए जाने के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## सरपंच का चुनाव न करवाने के कारण

*94 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि ब्लॉक रायपुर रानी के गांव मीरपुर में बीसी-ए श्रेणी कि लिए आरक्षित सरपंच पद का चुनाव नहीं करवाया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा
(ख) क्या चुनाव न करवाने के लिए कोई जिम्मेवारी निर्धारित की गई है?

----

## अंडरपासों की दोनों निकासियों पर शैड लगाना

*95 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बड़ौदा निर्वाचनक्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाईन के अंडरपासों में वर्षा ऋतु में पानी एकत्रित हो जाता है जिसके कारण ग्रामवासियों को अन्य गावों में आवागमन में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है; तथा
(ख) क्या ठसका से माहरा, मुण्डलाना से सिरसाध (36), मुण्डलाना से सिवानका (38), मुण्डलाना से बाधोती (41), सैनीपुरा से महमूदपुर (34), भैंसवाल गांव में रोहतक से पानीपत सड़क तथा गोहाना से महमूदपुर के अंडरपासों की दोनो निकासियों पर शैड लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

----

## सेम की समस्या का समाधान करना

*96 **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं जो सेम की समस्या से प्रभावित हैं तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) उपरोक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है ?

----

## निर्मित दो मंजिला दुकान को नियमित करने के लिए नीति बनाना

***97 श्री असीम गोयल नन्योला (अंबाला शहर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरकार सैक्टर-1 (जेल लैंड) अम्बाला शहर की निर्मित डी.एस.एस. (दो मंजिला दुकान) को नियमित करने के लिए कोई नीति बना रही है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में दर्जा बढ़ाना

***98 श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गांव भोंडसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र की आबादी 1 लाख से अधिक है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

----

## अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को छात्रवृत्ति देना

***99 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या हरियाणा में राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित छात्रों को कोई विशेष सुविधाएं, छात्रवृत्ति तथा प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो गत् 10 वर्षों के दौरान राशि के साथ छात्रों के नाम सहित सूची का जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## पुलिस स्टेशन खोलना

***100 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या असंध विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव जुंडला में एक पुलिस स्टेशन खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**21 मार्च, 2023.** **सचिव**